भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3927
दिनांक 24 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पूर्ण टीकाकरण

3927 श्री राजेन्द्र अग्रवाल:
श्री एस.सी. उदासी:
श्री सुनील कुमार सोनी:
श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:
श्री अरुण साव:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत वर्षों में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बड़ी संख्या में डिप्थीरिया, टिटनेस, पोलियो आदि जैसे नियमित टीके नहीं लगवाए गए हैं;
(ख) यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का टीकाकरण प्रक्रिया को सुचारू बनाने और जिन बच्चों का टीकाकरण चक्र अधूरा रह गया है, उनके टीकाकरण को पूरा करने के लिए कोई विशेष अभियान चलाने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) और (ख): सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत, 2 वर्ष की आयु तक के सभी पात्र बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण कार्यक्रम के अनुसार टीकाकरण की खुराक दी जाती है। हालांकि, पिछले दो वर्षों में कोविड-19 महामारी के दौरान, कुछ पात्र बच्चे ऐसे थे जो नियमित टीकाकरण के तहत नियमित टीके की खुराक लेने से चूक गए थे। पिछले दो वर्षों में डिप्थीरिया, टेटनस, पोलियो आदि के टीके की नियमित खुराक लेने से चूकने वाले बच्चों की कुल संख्या अनुलग्नक 1 में दी गई है।

(ग) और (घ): मिशन इन्द्रधनुष , कम टीकाकरण कवरेज वाले क्षेत्रों में छूट गए और छोड़े गए बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए नियमित अंतराल पर एक विशेष कैच अप अभियान चलाया जाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान टीके की खुराक लेने से चूक गए बच्चों का टीकाकरण करने के लिए वर्ष 2021 और 2022 में मिशन इंद्रधनुष के दो दौर आयोजित किए गए थे।

अनुलग्नक- I

पिछले दो वर्षों में डिप्थीरिया, टेटनस, पोलियो आदि के टीके की नियमित खुराक न लेने वाले 1 वर्ष तक की आयु के कुल बच्चों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या:

क्रम सं .	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2020-21 (अप्रैल-मार्च)	2021-22 (अप्रैल-मार्च)
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	431	430
2.	आंध्र प्रदेश	44,907	*
3.	अरुणाचल प्रदेश	7,903	6,625
4.	असम	1,06,699	1,03,987
5.	बिहार	5,01,795	6,49,345
6.	चंडीगढ़	1,839	2,300
7.	छत्तीसगढ	46,173	53,144
8.	दिल्ली	47,515	41,209
9.	गोवा	1,097	3,024
10.	गुजरात	1,82,844	*
11.	हरियाणा	65,410	26,219
12.	हिमाचल प्रदेश	13,765	13,007
13.	जम्मू और कश्मीर	*	*
14.	झारखंड	1,41,447	*
15.	कर्नाटक	51,176	80,459
16.	केरल	42,692	73,826
17.	लद्दाख	473	448
18.	लक्षद्वीप	*	*
19.	मध्य प्रदेश	2,59,310	2,27,263
20.	महाराष्ट्र	65,889	33,207
21.	मणिपुर	10,892	11,572
22.	मेघालय	*	4,050
23.	मिजोरम	*	549
24.	नागालैंड	12,527	11,881
25.	ओडिशा	1,21,107	97,689
26.	पुद्दुचेरी	7,403	7,667
27.	पंजाब	46,437	60,023
28.	राजस्थान	4,90,164	4,62,261
29.	सिक्किम	3,680	4,015
30.	तमिलनाडु	1,90,973	1,53,313
31.	तेलंगाना	12,912	*
32.	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	10,687	11,183
33.	त्रिपुरा	4,958	2,496
34.	उत्तर प्रदेश	7,04,076	7,55,501
35.	उत्तराखंड	6,011	14,097
36.	पश्चिम बंगाल	79,550	60,760

(डेटा स्रोत- स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली)

***एचएमआईएस के अनुसार किसी भी टीके की खुराक के लिए कोई बच्चा छूटा नहीं है।**